आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 248 | उज्जैन, सोमवार 28 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## भोपालवासियों को मेट्रो ट्रेन की सौगात बहुत जल्द-मुख्यमंत्री

**मेट्रो ट्रेन में यात्रियों के लिए होंगी सभी आधुनिक सुविधाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो ट्रेन कार्य का किया निरीक्षण**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार भोपालवासियों को बहुत जल्द (अक्टूबर 2025 तक) मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। जनता से इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गया है, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) निरीक्षण के लिए आएंगे। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे, समाजसेवी श्री रविन्द्र यति, श्री राहुल कोठारी, सहित एमपी मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मेट्रो ट्रेन की सवारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन की सवारी कर इसकी ट्रायल यात्रा (टेस्ट रन) की। मुख्यमंत्री ने तीन डिब्बों वाली मेट्रो ट्रेन में सुभाष नगर स्टेशन से एम्स तक और वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन लेकर इसमें मौजूद सुविधाओं और खूबियों को जाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर और भोपाल शहर को मेट्रो ट्रेन की सौगात दी है।

## आयुष्मान भारत योजना से क्यों दूर भाग रहे प्राइवेट अस्पताल? IMA ने बताई वजह




नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र में बीते दिन सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े आंकड़े पेश किए हैं। सरकार ने संसद में बताया कि इस योजना के तहत 9.84 करोड़ अस्पतालों को 1.40 लाख करोड़ रुपये अदा किए गए हैं।

आयुष्मान भारत योजना देश की 40 फीसदी आबादी को 5 लाख तक का सालाना इलाज मुफ्त करवाने की गारंटी देती है। इससे लगभग 55 करोड़ लोगों को फायदा होने का अनुमान है। अब तक कुल 41 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा (5.33 करोड़) उत्तर प्रदेश में जारी हुए हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश, बिहार और ओडिशा का टॉप 4 में शामिल है।

आयुष्मान भारत योजना में देश के 31,466 अस्पतालों को शामिल किया गया है। इनमें 14,000 प्राइवेट अस्पताल भी मौजूद हैं। हालांकि, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने योजना से जुड़ी कुछ खामियों पर सवाल खड़े किए हैं।

IMA का दावा है कि आयुष्मान योजना के तहत पेमेंट में देरी होती है और यह प्रक्रिया बेहद जटिल है। गुजरात में 2021-2023 के बीच अस्पतालों के 300 करोड़ रुपये का भुगतान अभी बकाया है।

## बैकसीट ड्राइविंग तुरंत बंद कर दो, सरकार ने एयर इंडिया को दी क्लियर वॉर्निंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखर के साथ हुई बैठक में सरकार ने सख्त हिदायत देते हुए दो बड़े संदेश दिए हैं।

पहला- सुरक्षा पर सीधा असर डालने वाले प्रमुख एयर इंडिया डिपार्टमेंट में बैकसीट ड्राइविंग के कल्चर (पर्दे के पीछे फैसले लेने की संस्कृति) को तुरंत खत्म कर देना चाहिए। दूसरा- प्रमुख विभागों में पदों पर बैठे लोगों के पास फैसला लेना का अधिकार होना चाहिए, न कि जब चीजें खराब हों तो उन्हें केवल दोषी ठहराने के लिए। कई मामलों में फैसले कोई और ही ले रहा होता है, जबकि सीट पर कोई और बैठा होता है। यह व्यवस्था बेहद खतरनाक है और इसे तत्काल खत्म कर देना चाहिए।

पद किसी और के पास, फैसला कोई और लेता है- दरअसल, केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, सचिव समीर कुमार सिन्हा और डीजीसीए प्रमुख फैज अहमद किदवई ने शुक्रवार (25 जुलाई, 2025) को चंद्रशेखरन से मुलाकात की।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर आपस में क्यों भिड़ी 25 गाड़ियां? भीषण हादसे के पीछे सामने आई ये बड़ी वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते दिन मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक के बाद एक लगातार 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और 18 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। वहीं, अब इस हादसे की वजह भी सामने आ गई है।

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर अदोशी टनल के पास यह हादसा शनिवार की दोपहर को हुआ। यह इलाका खोपोली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। हादसे की वजह कंटेनर का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

कैसे हुआ हादसा- इस हादसे में 58 वर्षीय अनीता सचदेव नामक महिला की मौत हो गई, जो धाराशिव के पडोली गांव की रहने वाली थीं। अनीता अपने परिवार के साथ स्ड्क में पुणे से मुंबई की तरफ जा रही थीं। तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार कंटेनर ने गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके बाद लगातार 25 गाड़ियां आपस में भिड़ती चली गईं।

पुलिस ने बताई वजह- पुलिस के अनुसार, ट्रेलर के ब्रेक फेल थे और ढलान होने के कारण ट्रेलर को रोकना मुश्किल हो गया। ऐसे में ट्रेलर लगातार कई गाड़ियों को टक्कर मारते हुए निकला, जिससे 7 गाड़ियां चकनाचूर हो गईं।

रायगढ़ की एसपी आंचल दलाल के अनुसार, ट्रेलर सामने आने वाली कई गाड़ियों से टकराया। यह हादसा इतना भयानक था कि कई गाड़ियां ट्रेलर के साथ घसीटते हुए 3.5 किलोमीटर तक चली गईं।

## कांग्रेस ने जल जीवन मिशन में 10 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार आरोप लगाया, CBI जांच की मांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। हर-घर जल पहुंचाने की परियोजना जल जीवन मिशन (जेजेएम) में 10 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने लगाया है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, अधिकारियों की कॉल डिटेल निकाली जाए और सीबीआइ जांच हो तो सच्चाई सामने आएगी।

कई तकनीकी विकल्पों की अनदेखी की- उन्होंने कहा, गड़बड़ी के उद्देश्य से उसी मॉडल पर 27 हजार ट्यूबवेल आधारित योजनाएं बनाकर कई तकनीकी विकल्पों की अनदेखी की। इतनी बड़ी परियोजना में मेंटेनेंस का प्रविधान नहीं किया गया। प्रदेश के सभी जिलों को एक मॉडल डीपीआर के प्रारूप में आंकड़े भरकर भेजने के लिए कहा गया। यानी वास्तविक डीपीआर नहीं बनाई गई। इसके लिए कंसल्टेंट को प्रति डीपीआर 10 हजार रुपये भुगतान किए गए, जबकि मात्र गूगल के आंकड़ों के आधार पर डीपीआर तैयार कर भेजी गई, जिससे बाद में बड़ा बदलाव करना पड़ा। कटारे ने लगाए ये आरोप

कटारे ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों ने जिलों को फंड देने में अनियमितता की है। उन्होंने कहा, मामले में विभाग की मंत्री संपतिया उइके पर भी आरोप लगे तो प्रमुख अभियंता ने जांच के बाद क्लीन चिट दे दी, जबकि उन्हें जांच के अधिकार ही नहीं हैं।


बेकार यंत्रों की खरीदी- नोडल अधिकारी के मौखिक निर्देश पर परियोजना में सिल्वर लोनिजर यंत्र जोड़ा गया।

## हमारी सेना ने प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ी लड़ाई, सीडीएस चौहान ने कारगिल युद्ध के वीरों की सुनाई गाथा



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दुश्मन की लाभप्रद स्थिति के बावजूद ऊंची पर्वत चोटियों पर किलेबंद ठिकानों पर कब्जा करके भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस और सामरिक कौशल का परिचय दिया। उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। चरम मौसम की स्थिति में दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच लगभग खड़ी चट्टानों पर चढ़ते हुए विजय हासिल की।

## पीएम मोदी ने जारी किया राजेंद्र चोल प्रथम पर स्मारक सिक्का, कहा- हम एकता के सदियों पुराने बंधनों को कर रहे मजबूत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय तमिलनाडु की यात्रा पर हैं। राज्य में चोल साम्राज्य के महान शासक राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के अरियालुर जिले में आयोजित किया गया था।

इस दौरान पीएम मोदी ने गंगैकोंडा चोलपुरम मंदिर का दौरा किया, यहां पर उन्होंने पूजा अर्चना भी की। इसके एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक मंदिर में, मैंने देश भर के 140 करोड़ लोगों की भलाई और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की।

जब मैं ओम नमः शिवाय सुनता हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चोल राजाओं ने श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों के साथ अपने राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया। यह महज संयोग है कि मैं कल मालदीव से लौटा हूं और आज मुझे इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि यह राजराजा की आस्था की भूमि है, और इलैयाराजा ने इस आस्था की भूमि पर हम सभी को शिव भक्ति में लीन कर दिया, मैं काशी से सांसद हूं। और जब मैं ओम नमः शिवाय सुनता हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

कार्यक्रम में भाग लेकर खुशी हो रही- उन्होंने आगे कहा कि चोल राजाओं ने श्रीलंका, मालदीव और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे क्षेत्रों के साथ अपने राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया। दिलचस्प बात यह है कि मैं कल ही मालदीव से लौटा हूं, और आज मुझे इस कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर पाकर बहुत खुशी हो रही है।

आगे कहा कि चोल साम्राज्य का इतिहास और विरासत भारत की अपार क्षमता का प्रमाण है और देश की प्रगति के दृष्टिकोण के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह विरासत एक विकसित भारत के निर्माण की हमारी यात्रा को गति प्रदान करती है। इसी प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए, मैं महान राजेंद्र चोल को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

चोल साम्राज्य भारतीय इतिहास के स्वर्णिम युगों में से एक- इतिहासकारों का मानना है कि चोल साम्राज्य भारतीय इतिहास के स्वर्णिम युगों में से एक है। यह काल अपनी उल्लेखनीय सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए जाना जाता है।

# पाकिस्तानी पासपोर्ट को मिला नीचे से चौथा स्थान, यमन और सोमालिया के साथ मिली जगह




नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया में हर देश के नागरिकों को विदेश यात्रा के लिए अलग-अलग वीजा सुविधाएं मिलती हैं। Henley Passport Index इन्हीं सुविधाओं को लेकर एक रिपोर्ट जारी करता है, जिसमें बताया जाता है कि किस देश का पासपोर्ट कितना ताकतवर है।

इस रिपोर्ट में जितनी जगहों पर बिना वीजा के जाया जा सकता है, उतना ही वह पासपोर्ट मजबूत माना जाता है। 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट्स में शामिल हो गया है।

किन देशों की लिस्ट में शामिल है पाकिस्तान- पाकिस्तान के पासपोर्ट से सिर्फ 32 देशों में ही बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। हालांकि, पाकिस्तान की रैंकिंग थोड़ी जरूर सुधरी है और अब वो 96वें स्थान पर आ गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान की स्थिति कुछ देशों से थोड़ी बेहतर जरूर है, जिसमें अफगानिस्तान, सीरिया, इराक, यमन और सोमालिया जैसे देश शामिल हैं जहां के हालात बेहद खराब हैं।

2024 में चौथा सबसे कमजोर था पाक का पासपोर्ट- 2024 की रिपोर्ट में पाकिस्तान का पासपोर्ट यमन के साथ मिलकर चौथे सबसे कमजोर पासपोर्ट के रूप में दर्ज था। 2025 में यह थोड़ा ऊपर आया है, लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक है।

यह इंडेक्स 199 पासपोर्ट और 227 देशों की यात्रा की सुविधाओं का विश्लेषण करता है। इसमें देखा जाता है कि किसी पासपोर्ट पर कितने देशों में बिना वीजा, वीजा ऑन अराइवल, ई-वीजा या ट्रैवल परमिट से यात्रा की जा सकती है।

भारत के लिए अच्छी खबर- इस रिपोर्ट में भारत के लिए अच्छी खबर है। भारत ने पिछले 6 महीनों में 8 स्थान की छलांग लगाई है और 2024 की रिपोर्ट में भारतीय पासपोर्ट जो 85वें स्थान पर था, वो अब 77वें स्थान पर पहुंच गया है।

दूसरी ओर, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश धीरे-धीरे नीचे आ रहे हैं। अमेरिका अब 10वें स्थान पर है और ब्रिटेन 6वें पर है। कुछ साल पहले ये दोनों देश टॉप पर हुआ करते थे। 2014 में अमेरिका टॉप पर था और 2015 में ब्रिटेन ने पहला स्थान प्राप्त किया था।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीजफायर पर बातचीत करने के लिए हुए राजी, डोनाल्ड ट्रंप ने दी थी वॉर्निंग- युद्ध रोक दो वरना...



नई दिल्ली (एजेंसी)। थाईलैंड और कंबोडिया ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के बाद सीमा विवाद को खत्म करने के लिए बातचीत करने का संकेत दिया है। चार दिन से जारी इस लड़ाई में कम से कम 34 लोग मारे गए हैं और 1,68,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं।

ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं से बात की और सुझाव दिया कि अगर दुश्मनी जारी रही तो वह किसी भी देश के साथ व्यापार समझौतों पर आगे नहीं बढ़ेंगे। बाद में उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष युद्धविराम पर बातचीत के लिए मिलने पर सहमत हुए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने क्या कहा था- ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल नेटवर्क पर एक पोस्ट में कहा था, थाईलैंड के साथ युद्ध रोकने के संबंध में अभी-अभी कंबोडिया के प्रधानमंत्री से बात की। मैंने अभी-अभी थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से बात की है और यह बहुत अच्छी बातचीत रही। कंबोडिया की तरह थाईलैंड भी तत्काल युद्धविराम और शांति चाहता है।

कंबोडिया के पीएम क्या बोले- कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने रविवार को कहा कि उनका देश तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम पर सहमत है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें बताया कि कार्यवाहक थाई प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई के साथ ट्रंप की बातचीत के बाद थाईलैंड भी हमले रोकने पर सहमत हो गया है।

थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने भी जताई सहमति- थाईलैंड ने सतर्क समर्थन व्यक्त किया। थाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, फुमथम ने ट्रंप का धन्यवाद किया और कहा कि थाईलैंड सैद्धांतिक रूप से युद्धविराम पर सहमत है, लेकिन कंबोडिया की ओर से ईमानदारी से इरादे की जरूरत पर जोर दिया।

## कमला हैरिस पर चले मुकदमा..., पूर्व उपराष्ट्रपति पर क्यों भड़के ट्रंप?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले कुछ दिनों में कई दिग्गजों पर नाराजगी जता चुके हैं। हाल के दिनों में वह टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर भड़के थे। अब खबर है कि ट्रंप अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर भड़क उठे हैं।

केवल इतना ही नहीं ट्रंप ने तो कमला हैरिस पर मुकदमा चलाने की मांग तक कर डाली। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि कमला हैरिस और कुछ अन्य वरिष्ठ अमेरिकी सेलेब्स ने साल 2024 में राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान पैसे लिए।

आर्थिक कानूनों के उल्लंघन का दिया हवाला- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ऐसा करना पूरी तरीके से गैरकानूनी है। ट्रंप का दावा है कि ऐसा करने से अमेरिका के चुनावी अभियान के आर्थिक कानूनों का उल्लंघन हुआ है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर इस बारे में विस्तार से लिखा है।

हालांकि, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि वर्तमान में खुद ट्रंप भी एप्सटीन केस को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं।

## पाकिस्तान ने चली नई चाल; अमेरिकी जनरल को दिया निशान-ए-इम्तियाज, क्या है पड़ोसी मुल्क का मकसद?




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और पाकिस्तान की नजदीकियां दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। IMF से कर्ज हासिल करने और पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के व्हाइट हाउस दौरे के बाद इस्लामाबाद से एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला पाकिस्तान पहुंच गए हैं।

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जनरल कुरिल्ला का भव्य स्वागत किया गया। यही नहीं, पड़ोसी मुल्क ने उन्हें देश के सर्वोच्च सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से भी नवाजा है। जाहिर है, पाकिस्तान बिना किसी मकसद के यह सब नहीं करेगा। इस खातिरदारी के पीछे भी पड़ोसी मुल्क का बड़ा मकसद छिपा है।

इस्लामाबाद से तस्वीरें वायरल- पाकिस्तान के राष्ट्रपति भवन में जनरल कुरिल्ला के लिए हाई प्रोफाइल सेरेमनी रखी गई और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान निशान-ए-इम्तियाज दिया। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वहीं, बाद में जनरल कुरिल्ला पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के साथ सैल्यूट करते भी नजर आए।

# अमेरिका जाने वाले सावधान! इस मामूली गलती पर चुकाना पड़ सकता है भारी जुर्माना



नई दिल्ली (एजेंसी)। कस्टम एंड बॉर्डर पुलिस ने अमेरिका जाने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका जाने वाले लोगों को अपने सामान की हर एक जानकारी देना आवश्यक होगा। मसलन मीट से लेकर फल, सब्जियां या अन्य चीजें ले जाने पर इसकी लिस्ट CBP को देनी होगी। यह जानकारी छिपाने वाले यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

CBP ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अपने साथ मीट, फल, सब्जी, पौधे, बीज, मिट्टी, कोई भी जानवर या पौधे और जानवरों से बनी चीजें अमेरिका ले जाने पर इसकी जानकारी देना आवश्यक होगा। ऐसा न करने पर जुर्माना या जेल हो सकती है।

CBP ने शेयर की तस्वीर- इस पोस्ट के साथ CBP ने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें कुत्ता एक मीट की शिनाख्त करते देखा जा रहा है। मीट के रूप में सुअर का सिर रखा है, जिसे एल्युमिनियम फॉयल में लपेटा गया है।

क्या कहते हैं नियम- CBP के नियम के अनुसार, अमेरिका आने वाले सभी यात्रियों को अपने साथ लाए गए मीट, फल, सब्जी, पौधे, जानवरों, मिट्टी और बीज की जानकारी साझा करनी होगी। यात्रियों के बैग, लगेज और गाड़ी में शामिल सभी चीजों की जानकारी देना जरूरी है। इसके बाद CBP के अधिकारी निर्धारित करेंगे कि यह सामान ले जाने देना या नहीं?

देना होगा जुर्माना- अगर किसी यात्री ने CBP के नियमों का उल्लंघन किया तो उसे भारी जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। बैग में मौजूद सामान की जानकारी छिपाने पर पहली बार में 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) का जुर्माना देना पड़ सकता है।

# पूर्व हमास चीफ याह्या सिनवार की विधवा पत्नी गाजा से फरार, तुर्किये में किसी और से रचाया निकाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और हमास के युद्ध के बीच गाजा से एक दिलचस्प खबर निकलकर सामने आ रही है। हमास के पूर्व मुखिया याह्या सिनवार की विधवा पत्नी फर्जी पासपोर्ट दिखाकर तुर्किये भाग गई हैं। यही नहीं, तुर्किये में उन्होंने किसी और से निकाह भी रचा लिया है। यह दावा इजरायली समाचार चैनल यनेट ने किया है।

यनेट की रिपोर्ट के अनुसार, समर मोहम्मद अबु जमर ने 2011 में हमास के चीफ याह्या सिनवार से निकाह किया था। मगर, अब वो अपने बच्चों के साथ गाजा से फरार हो चुकी हैं।

फर्जी पासपोर्ट की ली मदद- यनेट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि समर अब गाजा में नहीं हैं। वो अपने बच्चों के साथ तुर्किये चली गई हैं। हालांकि, यह इतना आसान नहीं था। गाजा से निकलने के लिए काफी पैसों और कई लोगों की मदद की जरूरत पड़ी होगी। यह गाजा में रहने वाले किसी आम नागरिक के बस की बात नहीं है। ऐसे में समर फर्जी पासपोर्ट दिखाकर रफा बॉर्डर से मिस्त्र में दाखिल हुईं और वहां से तुर्किये के लिए रवाना हो गईं।

याह्या की मौत के बाद छोड़ा था गाजा- पिछले साल अक्टूबर में इजरायली हमले के दौरान हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत हो गई थी। इसके बाद समर ने तुर्किये में ही दूसरी शादी कर ली। यनेट के अनुसार, हमास ने प्रमुख नेताओं और उनके परिवारों को पहले ही गाजा से बाहर निकालना शुरू कर दिया था।

# आगे-आगे ओबामा, पीछे-पीछे ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति ने AI वीडियो के बाद अब शेयर किया मीम



नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा पर जमकर हमलावर हैं। ट्रंप ने ओबामा पर सोशल मीडिया पर एक मीम के जरिए निशाना साधा है। इस मीम को उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर शेयर किया है, जिसपर लोग अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं।

बता दें कि जो मीम अमेरिकी राष्ट्रपति ने शेयर किया है वह साल 1994 के कुख्यात ओजे सिम्पसॉन पुलिस चेज से मेल खाता नजर आ रहा है। इस मीम में देखा जा सकता है कि ओबामा एक सफेद रंग की फोर्ड कार में भागते नजर आ रहे हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस पुलिस कार में उनका पीछा कर रहे हैं।

जेडी वेंस में भी रिपोस्ट की तस्वीर- जानकारी दें कि ट्रंप ने जो मीम की फोटो शेयर की है, उसमें देखा जा सकता है कि उसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कॉलेज के जमाने के लुक में नजर आ रहे हैं। पुलिस स्कॉड की दूसरी कार में बैठकर पर ओबामा का पीछा कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपने एक्स हैंडल पर इस फोटो को रिपोस्ट किया है। इस तस्वीर को सबसे पहले जूनियर ट्रंप ने 22 जुलाई को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया था।

ज्ञात हो कि ये कोई पहली बार नहीं है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओबामा पर निशाना साधा हो। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रंप ने एक एआई जेनेरेटेड वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में देखा जा सकता था कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा को एफबीआई एजेंट द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा था।

# शराब और शबाब... पुणे में रेव पार्टी में छापामारी, एकनाथ खडसे के दामाद समेत 7 लोग हिरासत में





नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने रविवार तड़के एक अपार्टमेंट में चल रही पार्टी में छापा मारकर ड्रग्स, हुक्का और शराब जब्त की। इसके साथ ही सात लोगों को हिरासत में लिया, जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद भी शामिल हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल हैं। एनसीपी (सपा) नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद था। रोहिणी खडसे विपक्षी एनसीपी (सपा) की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं।

गांजा, शराब और हुक्का जब्त- एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की अपराध शाखा ने रेव पार्टी के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर महाराष्ट्र के पुणे शहर के खराडी इलाके में स्थित स्टूडियो अपार्टमेंट पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान गांजा, शराब और हुक्का जैसे मादक पदार्थ जब्त किए गए।

दो महिलाएं भी हिरासत में- उन्होंने कहा, छापेमारी के दौरान गांजा, शराब और हुक्का जैसे नशीले पदार्थ बरामद हुए। हमने सात लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। अधिकारी ने बताया, सभी व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।÷ शिवसेना (यूबीटी) की उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापेमारी सरकार के खिलाफ बोलने वालों के लिए एक संदेश है।

## खाना न बनाने को लेकर ताने देना क्रूरता नहीं, 27 साल पुराने केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी पति को राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाल ही में 27 साल पुराने केस में पति को बड़ी राहत दी है। अदालत ने शख्स को बरी करते हुए कहा कि किसी महिला के रंग रूप और खाना न बनाने को लेकर तंज कसना इस हद तक क्रूरता नहीं मानी जा सकती कि उस पर प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा लगाई जाए।

जस्टिस श्रीराम मोडक की पीठ ने कहा कि पति की ओर से अपनी पत्नी को उसके गहरे रंग को लेकर और ससुर की ओर से उसके खाना पकाने के तरीके को लेकर ताने देना भले ही प्रताड़ना हो सकता है लेकिन यह इतना गंभीर नहीं कि उसे आपराधिक दायरे में लाया जा सके।

जानें क्या है मामला- महाराष्ट्र के सतारा के रहने वाले सदाशिव को पत्नी प्रेमा को आत्महत्या के लिए उकसाने और क्रूरता के मामले में सजा मिली थी। सेशन कोर्ट ने 1998 में पत्नी की मौत के बाद उसे दोषी माना था। इसके बाद पति सदाशिव ने हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। इसी पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। अदालत ने रिकॉर्ड में पाया कि मृतका प्रेमा ने जनवरी, 1998 में कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों का ताबड़तोड़ एक्शन, 17 लाख के चार इनामी नक्सली ढेर



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने दो महिला नक्सली सहित 17 लाख रुपये के इनामी चार चक्सलियों को ढेर किया है। शनिवार शाम से नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही थी।

बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में बासागुड़ा और गंगलूर थाना के सरहदी जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया।

क्या-क्या हुआ बरामद- मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के चार माओवादी मारे गए हैं, जिनमें तीन एसएम स्तर के और एक पार्टी सदस्य कमांडर शामिल है। मुठभेड़ स्थल से एक स्क्र एक इंसास, एक 303 रायफल, एक 12 बोर बंदूक, ब्लग्ग लॉन्चर, सिंगल शॉट हथियार सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर छ्रन्न बीजापुर की टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था।

## तेलंगाना में सरकारी स्कूल का खाना खाने से 60 छात्राओं की बिगड़ी तबियत, दस्त और उल्टी आने के बाद अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की 60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी और अन्य लक्षणों की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात भोजन करने के बाद 64 छात्र बीमार पड़ गए और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उनकी हालत स्थिर है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि छात्रों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

छात्राओं को क्यों हुई उल्दी दस्त की शिकायत- उन्होंने बताया कि छात्रों ने जब दही खाने के समय वह पूरी तरह से फर्मेंटेड नहीं था और प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों के बीमार पड़ने का कारण यही माना जा रहा है।

जांच के लिए भेजे गए खाने के सैंपल- अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जाएगी और खाने-पीने के पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर घटना के सही कारण का पता चलेगा और उसी के हिसाब से जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## लाश से चुरा ले गए एक लाख के गहने, RCB विक्ट्री परेड भगदड़ की पीड़िता की मां ने लगाए गंभीर आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। RCB की विक्ट्री परेड के दौरान बेंगलुरु में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाली एक पीड़िता की मां ने प्रशासन पर गभीर आरोप लगया है। पीड़ता की मां का कहना है कि चार जून को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुए भगदड़ में उनकी बेटी की मौत हो गई थी। पीड़िता की मां ने दावा किया कि उसकी बेटी ने कुल 1 लाख की कीमत के गहने पहने थे। हालांकि, जब उसका शव परिवार को सौंपा गया तो उसके शरीर से गहने गायब थे। आरोप है कि जिस समय शव को अस्पताल ले जाया गया, उस वक्त पीड़िता ने गहने पहन रखे थे और शव घर आया तो घहने गायब थे।

थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर- बता दें कि पीड़िता दिव्यांशी की मां ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि 13 साल की दिव्यांशी इस भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठी। दिव्यांशी की मां का कहना है कि उसने बेटी के शरीर से लाखों रुपये के गहने गायब होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

दिव्यांशी की मां ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि चार जून की शाम को बोवरिंग अस्पताल ले जाते समय बेटी के शव पर सोने की बालियां और चेन मौजूद थीं। परिवार को शुरू में गहनों के गायब होने का पता नहीं चला। हालांकि, कुछ समय बाद इसकी जानकारी हुई।

दिव्यांशी की मां ने लगाए ये आरोप- पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि एक लाख रुपये की कीमत के गहने उस मुर्दाघर से चोरी हुए हैं, जहां पर शव को रखा गया था। मृतका दिव्यांशी की मां ने अपनी शिकायत में कहा कि इन गहनों से एक भावनात्मक लगाव है, ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी बेटी ने इसको अपने आखिरी समय में पहना था।

## पति की शराब पीने की आदत से थी परेशान, महिला ने तीन बेटियों को जहर देकर सुलाया मौत की नींद



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार (27 जुलाई, 2025) को 27 साल की एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि महिला ने घरेलू मुद्दों से परेशान होकर अपनी तीन नाबालिग बेटियों को जहर देकर मार दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहपुर क्षेत्र के अंतर्गत असनोली गांव के तालेपाड़ा में रहने वाली संध्या संदीप बेरे ने कथित तौर पर 20 जुलाई को वरन भात (चावल और दाल का एक पारंपरिक व्यंजन) में कीटनाशक मिलाकर अपनी 5, 8 और 10 साल की बेटियों को खिला दिया।

अस्पताल में तोड़ा लड़कियों ने दम- लड़कियों को जल्द ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगीं, जिनमें उल्टी और चक्कर आना शामिल था। इसके बाद उन्हें पास के ही अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि हालत बिगड़ने पर उनमें से दो को बाद में मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 24 जुलाई और 25 जुलाई को उनकी मौत हो गई। एक अन्य लड़की को नासिक के एक अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया, जहां 24 जुलाई को उसकी भी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुई महिला की गिरफ्तारी- शुरुआत में खिनावली पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था। हालांकि, पुलिस ने बताया कि शनिवार रात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चों के शरीर में जहर की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बच्चों की मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया और रविवार तड़के करीब दो बजे उसे गिरफ्तार कर लिया।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल चतुर्थी

## संपादकीय

# पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है,जहां हजारों की संख्या में भाषाएँ, बोलियां है




वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है,जहां हजारों की संख्या में भाषाएँ, बोलियां है जो भारत की बेहद खूबसूरत पहचान है,फिर भी उसमें से 22 भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है,यानें सूची में दर्ज है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ कि फिर भी हर भाषा बोली का सम्मान भारत में है, यानें अगर किसी भी बोली भाषा में उसका सम्मान,आध्यात्मिकता जातिवाचक या उस समाज की चेतना से जुड़ा कोई शब्द हो व उसे त्रुटि पूर्ण रूप से लिखा या बोला जाए तो, द्वेष बढ़ने की संभावना होगी, जिसमें दंगा दुश्मनी विवाद तक हो सकता है इसलिए सार्वजनिक आंदोलन स्थान बैनरों प्रचार माध्यमों में शब्दों का चयन सोच समझ कर करना चाहिए।मुझे इसका प्रेक्टिकल अनुभव है,मैं एक धार्मिक वर्सीमहोत्सव में बैठा था, वहां देखा कि गायनकर्ता व आयोजनकर्ता अलग-अलग भाषी थे,वहां गायनकर्ता ने एक ऐसा शब्द बोला और उसपर प्रेशर देकर बोल रहा था, जो आयोजनकर्ता समाज की भाषा में गाली थी सब हक्के- बक्के रह गए तो किसी ने गायककर्ता के कान में जाकर इस शब्द का अर्थ बताया तो गायनकर्ता ने अपनी गलती सुधार ली। आज हम शब्दों की सतर्कता की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 24 जुलाई 2025 को मैंने टीवी चैनल पर देखा कि संसदभवन परिसर में कांग्रेस सहित अनेको पार्टियों के बड़े-बड़े फंटलाइन लीडर नेता लोकतंत्रबचाओ आंदोलन कर रहे थे, तो मेरा ध्यान उनके बैनर पर गया जहां लिखा था एसआईआर लोकतंतर पर वार मैं हक्का-बक्का रह गया, फिर सोशल मीडिया खोला तो वहां इस घटना पर धूमधाम हुई थी, इसीलिए मैंने इस विषय को आर्टिकल के लिए चुना। हालांकि 25 जुलाई 2025 को फिर संसद भवन में आंदोलन देखा तो यह त्रुटि ठीक कर बैनर पर लोकतंत्र लिखा था, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकतंत्र या लोकतंतर एक त्रुटि मात्र या गंभीर असावधानी?

साथियों बात अगर हम संसद भवन परिसर में हुए लोकतंत्र बचाओ आंदोलन में लोकतंत्र की जगह लिखने का प्रभाव और उसके परिणाम की करें तो भारतीय लोकतंत्र की आत्मा ही उसकी जनता में निहित है। जब भी इसकी गरिमा पर आंच आती है, तो देश के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक आवाज़ उठाते हैं। लेकिन जब इसी लोकतंत्र को बचाने के नाम पर आयोजित आंदोलन में उसके नाम की ही वर्तनी गलत हो जाए-लोकतंत्र के स्थान पर लोकतंतर लिखा जाए-तो सवाल केवल भाषा या व्याकरण का नहीं रह जाता, बल्कि यह चूक प्रतीक बन जाती है गंभीर असावधानी और खोखले नारों की।हाल ही में संसद परिसर में सांसद परिवार द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के बैनर पर हुई ऐसी ही गलती ने राजनीतिक, सामाजिक और भाषाई हलकों में नई बहस छेड़ दी है। राजनीतिक संदेश और उसकी धार कुंदराजनीतिक आंदोलनों में प्रतीक और भाषा ही सबसे बड़े हथियार होते हैं।लोकतंत्र बचाओका नारा सत्ता के विरुद्ध एक गंभीर प्रश्नचिन्ह होता है। लेकिन अगर यही नारा टाइपो की वजह सेलोकतंतर बचाओ बन जाए, तो विरोध की धार कमजोर हो जाती है। राजनीतिक विरोध का प्रभाव इस बात पर भी निर्भर करता है कि वह कितना व्यवस्थित, संजीदा और संगठित दिखता है। बैनर पर ऐसी गलती इस गंभीर आंदोलन को हास्यास्पद बना देती है।

साथियों बात अगर हम लोकतंत्र बनाम लोकतंत्र यालोकतंतर यह भूल या लापरवाही की करें तो,लोकतंतर' बनाम 'लोकतंत्र'-एक भाषाई विश्लेषणहिंदी में तंत्र शब्द का अर्थ होता है-व्यवस्था याप्रणाली।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस



विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव जंतु एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं। विलुप्त होते जीव जंतु और वनस्पति की रक्षा का विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर संकल्प लेना ही इसका उद्देश्य है।

पृथ्वी सम्मेलन- प्रकृति संरक्षण का समस्त प्राणियों के जीवन तथा इस धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्रदूषण के कारण सारी पृथ्वी दूषित हो रही है और निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखकर सन 1992 में ब्राजील में विश्व के 174 देशों का 'पृथ्वी सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इसके पश्चात् सन 2002 में जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित कर विश्व के सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने के लिए अनेक उपाय सुझाए गये। वस्तुतः प्रकृति के संरक्षण से ही धरती पर जीवन का संरक्षण हो सकता है, अन्यथा मंगल ग्रह आदि ग्रहों की तरह धरती का जीवन-चक्र भी एक दिन समाप्त हो जायेगा।

प्रकृति संरक्षण- जल, जंगल और जमीन, इन तीन तत्वों के बिना प्रकृति अधूरी है। विश्व में सबसे समृद्ध देश वही हुए हैं, जहाँ यह तीनों तत्व प्रचुर मात्रा में हों। भारत देश जंगल, वन्य जीवों के लिए प्रसिद्ध है। सम्पूर्ण विश्व में बड़े ही विचित्र तथा आकर्षक वन्य जीव पाए जाते हैं। हमारे देश में भी वन्य जीवों की विभिन्न और विचित्र प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इन सभी वन्य जीवों के विषय में ज्ञान प्राप्त करना केवल कौतूहल की दृष्टि से ही आवश्यक नहीं है, वरन् यह काफ़ी मनोरंजक भी है। भूमंडल पर सृष्टि की रचना कैसे हुई, सृष्टि का विकास कैसे हुआ और उस रचना में मनुष्य का क्या स्थान है? प्राचीन युग के अनेक भीमकाय जीवों का लोप क्यों हो गया और उस दृष्टि से क्या अनेक वर्तमान वन्य जीवों के लोप होने की कोई आशंका है? मानव समाज और वन्य जीवों का पारस्परिक संबंध क्या है? यदि वन्य जीव भूमंडल पर न रहें, तो पर्यावरण पर तथा मनुष्य के आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा? तेज़ीसे बढ़ती हुई आबादी की प्रतिक्रिया वन्य जीवों पर क्या हो सकती है आदि प्रश्न गहन चिंतन और अध्ययन के हैं। इसलिए भारत के वन व वन्य जीवों के बारे में थोड़ी जानकारी आवश्यक है, ताकि लोग भलीभाँति समझ सकें कि वन्य जीवों का महत्व क्या है और वे पर्यावरण चक्र में किस प्रकार मनुष्य का साथ देते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रयास

जंगलों को न काटें।

जमीन में उपलब्ध पानी का उपयोग तब ही करें जब आपको ज़रूरत हो।

कार्बन जैसी नशीली गैसों का उत्पादन बंद करें।

उपयोग किए गए पानी का चक्रीकरण करें।

ज़मीन के पानी को फिर से स्तर पर लाने के लिए वर्षा के पानी को सहेजने की व्यवस्था करें।

ध्वनि प्रदूषण को सीमित करें।

प्लास्टिक के लिफाफे छोड़ें और रद्दी काग़ज़ के लिफाफे या कपड़े के थैले इस्तेमाल करें।

जिस कमरे मे कोई ना हो उस कमरे का पंखा और लाईट बंद कर दें।

पानी को फ़ालतू ना बहने दें।

आज के इंटरनेट के युग में, हम अपने सारे बिलों का भुगतान आनलाईन करें तो इससे ना सिर्फ हमारा समय बचेगा बल्कि काग़ज़ के साथ साथ पैट्रोल डीजल भी बचेगा।

ज्यादा पैदल चलें और अधिक साइकिल चलाएं।

प्रकृति से धनात्मक संबंध रखने वाली तकनीकों का उपयोग करें। जैसे-

जैविक खाद का प्रयोग

डिब्बा-बंद पदार्थो का कम इस्तेमाल।

जलवायु को बेहतर बनाने की तकनीकों को बढ़ावा दें।

पहाड़ खत्म करने की साजिशों का विरोध करें।



# RPower और RInfra ने RCOM मामले में ED के एक्शन पर दी सफाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने 27 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी पूछताछ पूरी करने के बाद बयान जारी किए हैं। दोनों कंपनियों ने अपने बयानों में कहा कि रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से संबंधित सभी ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई पूरी हो गई है। दोनों कंपनियों और उनके अधिकारियों ने ईडी के अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया है और आगे भी करते रहेंगे।

चल रही जांच रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े एक दशक से भी पुराने लेन-देन से संबंधित है। बयान में कहा गया है कि अहम बात यह है कि रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों अलग-अलग और स्वतंत्र रूप से लिस्टेड कंपनियां हैं, जिनका आरकॉम या आरएचएफएल से कोई कारोबारी या फाइनेंशियल संबंध नहीं है।

दिवालिया प्रोसेस से गुजर रही Rcom- बयानों में कहा गया है कि आरकॉम पिछले छह वर्षों से अधिक समय से दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रोसेस से गुज़र रही है। वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के अनुसार, आरएचएफएल के सारे मामले पूरी तरह से सुलझ चुके हैं।

बयानों के अनुसार कुछ आरोप जो इन पर लगाए गए हैं, वे प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण के पास विचाराधीन हैं।

इन कंपनियों ने कहा है कि अनिल अंबानी रिलायंस पावर या रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड में नहीं हैं। इसलिए, आरकॉम या आरएचएफएल से संबंधित किसी भी कार्रवाई का इन दोनों कंपनियों के शासन, प्रबंधन या दैनिक कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

शेयरों पर क्या पड़ा असर- ईडी की कार्रवाई से पिछले हफ्ते रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा के शेयर बुरी तरह प्रभावित हुए। आरपावर में गुरुवार और शुक्रवार को 5-5 फीसदी लोअर सर्किट लगा और पूरे हफ्ते में इसकी गिरावट करीब 12 फीसदी रही। वहीं आरइंफ्रा में भी दो दिन लोअर सर्किट लगा और ये पिछले हफ्ते 11.36 फीसदी फिसला।

## 1 शेयर पर 500 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट अगले हफ्ते



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में अगले हफ्ते जो कंपनियों एक्स-डिविडेंड स्टॉक के लिए ट्रेड करेंगी उसमें दी यमुना सिंडिकेट लिमिटेड भी एक है। कंपनी ने एक शेयर पर 500 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, शुक्रवार को जब घरेलू बाजार में बिकवाली हावी रही तब यह स्टॉक निवेशकों को पॉजिटिव रिटर्न देने में सफल रहा है।

एक्सचेंज को दी जानकारी में दी यमुना सिंडिकेट लिमिटेड ने कहा है कि एक शेयर पर 500 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने पहले ही रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया था। कंपनी की तरफ से तय तारीख 28 जुलाई 2025 है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उन्हें ही एक शेयर पर 500 रुपये का फायदा होगा।

इससे पहले कंपनी 2024 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 400 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2023 में कंपनी ने एक शेयर 325 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2022 में कंपनी ने 200 रुपये और 2021 में कंपनी ने एक शेयर पर 40 रुपये का डिविडेंड दिया था।शुक्रवार को दी यमुना सिंडिकेट के शेयर 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बीएसई में 39,999 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## 28 के शेयर पर 25 का बंपर डिविडेंड पाने का आखिरी मौका, बनाया ऑल टाइम हाई; क्या करती है कंपनी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। टपरिया टूल्स के एक शेयर की कीमत 28 रुपए है। लेकिन कंपनी ने अपने हर स्टॉक पर 25 रुपए का भारी-भरकम डिविडेंड देने का ऐलान किया है। जिसका लाभ उठाने के लिए आपके पास आखिरी मौका है। दरअसल, कंपनी ने बुक क्लोजर डेट 30 जुलाई से 5 अगस्त तक रखी है। यानी अगर आप 29 जुलाई 2025 तक कंपनी के शेयर खरीद लेते हैं तो आपको भी इसके डिविडेंड का फायदा मिलेगा। टपरिया टूल्स एक पेनी स्टॉक है, जो आपको कम समय में मालामाल बना सकता है।

कैसी है परफॉर्मेंस- पिछले कारोबारी हफ्ते में कंपनी का शेयर BSE पर 28.04 रुपए पहुंच गया, जो इसका ऑल टाइम हाई लेवल रहा। इसका 52 वीक का लो लेवल 5.17 रुपए है। लिस्टिंग के दौरान यह 11.70 रुपए का था। BSE पर लिस्टेड कंपनी का स्टॉक एक साल में 392.79% और अब तक 139त्न का रिटर्न दे चुका है। कंपनी का मार्केट कैप, रेवेन्यू और नेट प्रॉफिट इस प्रकार है- 22 मई 2025 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग हुई थी। जिसमें 25 रुपए प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की गई थी। यह डिविडेंड 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले शेयर पर दिया जाएगा। इस हिसाब से कंपनी कुल 37,94,68,750 करोड़ रुपए का डिविडेंड बांटेगी। यह लाभांश वित्त वर्ष 2024-25 के लिए है।

5 अगस्त 2025 को कंपनी की 59वीं एनुअल जनरल मीटिंग होनी है, जो सुबह 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। कंपनी ने बताया कि ई-वोटिंग की सुविधा 2 अगस्त से 4 अगस्त 2025 तक उपलब्ध रहेगी। निवेशक 29 जुलाई 2025 को शेयरहोल्डर की स्थिति में होंगे, वे AGM में वोटिंग कर सकेंगे। यह महाराष्ट्र के नासिक स्थित मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो इंडस्ट्रियल और हैंड टूल्स जैसे- प्लायर्स, स्पैनर्स, स्क्रूड्राइवर्स के अलावा दूसरे प्रोडक्ट बनाती है। इसकी गिनती भारत की प्रमुख टूल मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में होती है और इसके प्रोडक्ट्स घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मशहूर हैं।

## शेयर बाजार में इस हफ्ते दिखेगा खूब उतार-चढ़ाव! अमेरिका पर भी रहेगी निगाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्थानीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव वाला रहने की संभावना है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा कई बड़ी कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजों, फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाएं, मासिक वाहन बिक्री के आंकड़े और वैश्विक बाजार के रुझान भी घरेलू बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बाजार की निगाह अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा (एक अगस्त) तथा थाइलैंड और कंबोडिया के बीच तनाव पर भी रहेगी। एक अगस्त को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ पर रोक की अवधि समाप्त हो रही है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट अजित मिश्रा ने कहा, ÷नए महीने की शुरुआत कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के साथ होगी। एक अगस्त को औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे। साथ ही मासिक वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

## ये हैं पिछले हफ्ते गर्दा उड़ाने वाले 5 Stocks, 5 दिन में दिया 70 फीसदी तक रिटर्न, निवेशकों की भरी जेब



नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 81463.09 पर और निफ्टी 50 131.4 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 24837 पर बंद हुआ। हालाँकि, इस महीने अब तक सेंसेक्स और निफ्टी में 2.5 प्रतिशत की गिरावट आई है।

पिछले हफ्ते आई गिरावट के बावजूद 5 शेयर ऐसे रहे, जिन्होंने निवेशकों को 70 फीसदी रिटर्न दिया। आगे जानिए इन शेयरों की डिटेल।

क्रेओन फाइनेंशियल - पिछले हफ्ते क्रेओन फाइनेंशियल का शेयर 19.93 रु से 33.96 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 70.40 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को इसका शेयर 10 फीसदी उछलकर 33.96 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल सिर्फ 68.67 करोड़ रु है।

हैम्प्स बायो - हैम्प्स बायो का शेयर 40 रु से 64.61 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 61.53 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को इसका भी शेयर 10 फीसदी उछलकर 64.61 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 28.14 करोड़ रु है।


रेस्टाइल सिरेमिक्स- रेस्टाइल सिरेमिक्स का शेयर 8.67 रु से 12.04 रु पर पहुंच गया। इससे निवेशकों को 38.87 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को इसका शेयर 5 फीसदी लुढ़ककर 12.04 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 118.33 करोड़ रु है।

सूर्यो फूड्स- सूर्यो फूड्स का शेयर 16 रु से 21.96 रु पर पहुंच गया। इस शेयर ने 37.25 फीसदी रिटर्न दिया। अंतिम कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इसका शेयर 4.08 फीसदी उछलकर 21.96 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 8.70 करोड़ रु है।

वासु भगनानी- बीते हफ्ते वासु भगनानी का शेयर 95.51 रु से 127.69 रु पर पहुंच गया। इस शेयर ने 33.69 फीसदी रिटर्न दिया। अंतिम कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इसका शेयर 5 फीसदी उछलकर 127.69 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 708 करोड़ रु है।

यहां जिन कंपनियों के रिटर्न की जानकारी दी गयी है, उनमें वासु भगनानी को छोड़कर बाकी सभी माइक्रो कैप कंपनियां हैं। वासु भगनानी भी एक स्मॉल कैप कंपनी है। स्मॉल और माइक्रो कंपनियों के शेयर में जोखिम भी अधिक होता है। इसलिए संभलकर निवेश करें।

## 8 साल में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने दिया 250% का रिटर्न, निवेशकों को किया मालामाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से जारी किए जाने वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की दूसरी किस्त की रिडेम्पशन प्राइस जारी को कर दिया गया है। आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2017-18 सीरीज II के लिए रिडेम्पशन प्राइस 9924 प्रति ग्राम तय किया है। यह सीरीज 28 जुलाई 2025 को मैच्योर हुआ था। बीते 8 साल में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने 250.67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसमें 2.5 प्रतिशत का ब्याज (सेमी एनुअली भुगतान होता था) शामिल नहीं है। बता दें, यह रिडेम्पशन प्राइस 21 जुलाई से 25 जुलाई के बीच इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिशिएन का औसत दाम है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जुलाई 2017 में जारी किया गया था। तब कीमत 2830 प्रति ग्राम था। वहीं, डिजिटल एप्लिकेशन वाले निवेशकों को 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट मिली थी। बता दें, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न के साथ-साथ कई सुविधाएं दी हैं।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 15 अगस्त से रानी कमलापति स्टेशन की शान बढ़ाएगा 1991 का नैरो गेज इंजन, 30 साल बाद हुआ रिटायर




भोपाल। भारतीय रेलवे की समृद्ध तकनीकी विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वर्ष 1991 में सेवा में आए एक विशेष नैरो गेज (एनजी) इंजन को अब धरोहर के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक इंजन का औपचारिक उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को किया जाएगा।

नवंबर 2023 में मिला धरोहर का दर्जा

22 टन वजनी यह एनजी लोको नंबर 514 (जेडडीएम5) इंजन 3 नवंबर 2023 को रेलवे द्वारा आधिकारिक रूप से धरोहर का दर्जा प्रदान किया गया था। इसका निर्माण वर्ष 1991 में हुआ था और इसे प्रारंभ में धौलपुर क्षेत्र में नैरो गेज ट्रेनों के संचालन में लगाया गया था। इसने अपनी पहली यात्रा 3 जून 1991 को की और लगभग 28 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद एक अप्रैल 2019 को सेवानिवृत्त कर दिया गया। इसके बाद, इसे अंतिम बार 30 मार्च 2023 को चलाया गया और एक अप्रैल 2023 को औपचारिक रूप से सेवा से बाहर कर दिया गया। विशेष सजावट के साथ होगा प्रदर्शित

इस इंजन को वैक्यूम डीजल एनसीआर लोको शेड द्वारा लंबे समय तक संरक्षित रखा गया। इसके बाद इसे 23 जुलाई को धौलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन लाया गया और स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर विशेष रूप से सजाकर प्रदर्शित किया जाएगा। नैरो गेज पटरियों पर चलने वाले इस इंजन की चौड़ाई मात्र 762 मिमी होती है, जो सामान्य ब्राड गेज की तुलना में बहुत कम है। नैरो गेज ट्रेनों का उपयोग भारत के पहाड़ी व ग्रामीण इलाकों में व्यापक रूप से होता रहा है।

**अधिकारियों ने क्या कहा?-** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के महाप्रबंधक मोहित सोमैया ने कहा कि यह इंजन भारतीय रेलवे के तकनीकी विकास और इतिहास का प्रतीक है। इसे संरक्षित करके भविष्य की पीढ़ियों को रेलवे की विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया है।

# मुर्दों से करवाई मजदूरी...सरपंच और सचिव ने हड़पे हजारों रुपये, दोनों गिरफ्तार



भोपाल। पांच मृत व्यक्तियों की जिंदा बताते हुए उनके नाम से मजदूरी की राशि हड़प करने के मामले में बैरसिया की एक पंचायत के सरपंच और सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पंचायत के लोगों ने कलेक्टर को की शिकायत

बैरसिया थाने के एएसआइ हरिश्चंद्रसिंह कौरव ने बताया कि एक वर्ष पहले अर्रावती पंचायत के लोगों ने कलेक्टर को शिकायत की थी। उसमें आरोप लगाया था कि सरपंच गंगाराम और सचिव सगन उर्फ छगन यादव मृत व्यक्तियों के नाम से मजदूरी की सरकारी राशि हड़प रहे हैं। कलेक्टर के आदेश पर जनपद के सीईओ ने कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई थी। उसमें मिले साक्ष्यों से शिकायत के सत्य होने की पुष्टि हुई।मृत व्यक्तियों के नाम से 16 हजार हड़पे

पता चला कि सरपंच और सचिव ने 22 दिसंबर 2023 से लेकर 19 अप्रैल 2024 के बीच पांच मृत व्यक्तियों के नाम से 16 हजार रुपये की राशि हड़प ली थी। इसके बाद जनपद सीईओ के कार्यालय से बैरसिया थाने में लिखित शिकायत भेजकर कार्रवाई करने को कहा गया था। शिकायत के साथ संलग्न साक्ष्यों के आधार पर सरपंच ग्राम चितऊया निवासी गंगाराम और पंचायत सचिव ग्राम बर्राई निवासी सगन उर्फ छगन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# चिचोली में महिलाओं का गुस्सा, संविदा शिक्षक पर आपत्तिजनक वीडियो फैलाने का आरोप, लव जिहाद एंगल से जांच की मांग



चिचोली।बैतूल जिले के विकासखंड चिचोली के दूधिया के ग्राम हर्रा ढाना में संविदा शिक्षक के पद पर पदस्थ फैजान अंसारी द्वारा महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक वीडियो बहु प्रसारित करने के विरोध में शनिवार को चिचोली क्षेत्र की महिलाओं और हिंदू संगठन का गुस्सा फूट पड़ा।

क्षेत्र की महिलाएं और हिंदू संगठन चिचोली थाना एवं तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपित शिक्षक फैजान अंसारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी सेवा समाप्त करने और उसके द्वारा चलाई जा रही क्षेत्र में गतिविधियों की जांच करने की मांग की।लव जिहाद के एंगल से भी जांच

ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने आरोप लगाया कि आरोपित शिक्षक फैजान अंसारी द्वारा महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट की गई, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं ने आरोपी शिक्षक के बैंक अकाउंट, उसकी संदिग्ध गतिविधियों एवं लव जिहाद के एंगल से भी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त शिक्षक हिंदू समाज की महिलाओं के संपर्क में रहकर उनका ब्रेनवॉश कर रहा है। उन्होंने आरोपित के मोबाइल की साइबर जांच की भी मांग की।

# भिंड में 15 साल से अपराध न करने वाले बदमाशों की फाइल होगी बंद, पुलिस की अनोखी पहल



भिंड। चंबल अंचल में भिंड पुलिस मानवीय कदम उठाने जा रही है। पहली बार ऐसे गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों की फाइलें बंद करने की तैयारी है, जो बीते 15 सालों से कोई अपराध नहीं कर रहे हैं। इस पहल की मंशा ऐसे लोगों को समाज में फिर से सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर देना है।

जिले में वर्तमान में 550 गुंडा और 250 हिस्ट्रीशीटरों का रिकॉर्ड थानों में दर्ज है, जिनकी पिछले डेढ़-दो दशक से किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता नहीं पाई गई है, इसके बावजूद किसी भी वारदात के बाद पुलिस इन लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ करती है।इस व्यवस्था से अब बदलाव की शुरुआत की जा रही है। भिंड पुलिस अधीक्षक डा. असित यादव ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से ऐसे बदमाशों की सूची तैयार कर भेजें, जिन्होंने लंबे समय से अपराध नहीं किया है। यह सूची एसडीओपी के माध्यम से अनुमोदित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचेगी, जहां एसपी स्तर पर क्लोजर रिपोर्ट लगाकर फाइल को बंद किया जाएगा।

पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ेगा एसपी डॉ. यादव का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सुधर चुके लोगों को दोबारा अपराध की दुनिया में न धकेलना है। साथ ही इससे पुलिस का समय और संसाधन भी बचेंगे। सामाजिक पुनर्वास की दिशा में इस कदम से न केवल पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ेगा, बल्कि अपराधियों के मन में भी सुधार की उम्मीद जगेगी।

यदि यह प्रयोग सफल होता है तो यह पूरे प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों के लिए एक माडल बन सकता है। प्रयास है कि जो लोग अपराध की दुनिया से बाहर आ चुके हैं, उन्हें पुलिस अनावश्यक रूप से परेशान न करें। उसे समाज में पुनः स्थापित होने का अवसर मिलना चाहिए।

***इसलिए पहल जरूरी***

कलंक मिटेगा – सुधर चुके लोगों को बार-बार थाने बुलाना उन्हें हतोत्साहित करता है।

समाज में प्रतिष्ठा – वे सामान्य नागरिक की तरह जीवन जी सकेंगे।

पुलिस की छवि बदलेगी – समाज में पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आएगा।

अपराध नियंत्रण में मदद – सुधर चुके अपराधियों को प्रेरणा मिलेगी कि पुलिस सुधार को स्वीकार करती है। इससे अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

एसपी का है अधिकार क्षेत्र यदि कोई व्यक्ति कभी अपराधी रहा है पर विगत 10 से 15 वर्षों से उसकी संलिप्तता किसी अपराध में नहीं है और पूर्व के अपराध भी न्यायालय में लंबित नहीं हैं तो यह माना जाएगा कि वह अच्छा नागरिक बनकर समाज में रह रहा है। ऐसे लोगों का नाम यदि अपराधी सूची में पुलिस ने नामित कर रखा है तो यह गलत है। पुलिस अधीक्षक ऐसे प्रकरणों में संबंधित थाना प्रभारी से अनुशंसा मंगाकर थाने की अपराधी सूची से नाम हटा सकते हैं। यह उनके अधिकार क्षेत्र में रहता है।

**– हिमांशु शर्मा, एडवोकेट व सचिव अभिभाषक संघ भिंड**



# इंदौर में 100 चौराहों पर लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

## बार-बार यातायात नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई



इंदौर। इंदौर में यातायात व्यवस्था को सशक्त, वैज्ञानिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, ई-चालान की प्रभावशीलता और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ श्री आर.पी.अहिरवार, यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

100 चौराहों पर होंगे आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल- बैठक में बताया गया कि वर्तमान में शहर के 39 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं। अब इस संख्या को बढ़ाकर 100 किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि नए सिग्नलों की स्थापना के लिए शीघ्र टेंडर आमंत्रित किए जाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि पुराने व बार-बार खराब होने वाले सिग्नलों को हटाकर नए तकनीकी सिग्नल लगाए जाएं। इन सिग्नलों की सतत् कार्यशीलता सुनिश्चित करने के लिए सौर ऊर्जा या बैटरी बैकअप जैसी वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी की जाए।

सिग्नल टाइमिंग अब वैज्ञानिक तरीके से तय होगी- कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि शहर के प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक दबाव के आधार पर सिग्नलों की टाइमिंग निर्धारित की जाए। यह निर्णय यातायात की सुगमता,दुर्घटनाओं में कमी और वाहन चालकों की सुविधा के दृष्टिकोण से लिया गया है।

बैठक में बताया गया कि ऐसे 29 वाहन, जिनके विरुद्ध 10 से अधिक बार यातायात नियम उल्लंघन के मामले दर्ज हैं, उनके पंजीयन निरस्त किए गए हैं और अब उन्हें जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आगामी समय में 5 से अधिक उल्लंघन पर भी पंजीयन निरस्त किए जाएंगे।

ई-चालान व्यवस्था होगी और सुदृढ़- कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ई-चालान वसूली की व्यवस्था को नए सिरे से और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए। इसके तहत अब चालान की राशि अगले प्रमुख चौराहे पर वसूली जाये। प्रारंभ में दो से तीन चौराहों पर यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की जाएगी, जिसे बाद में शहरभर में विस्तारित किया जाएगा।

ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस को सुव्यवस्थित संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## रातभर कॉम्बिंग गश्त में निकले बदमाशों के बड़े नाम, पुलिस की सख्ती से हड़कंप

इंदौर। पुलिस ने रात में शहरभर में सरप्राइज कॉम्बिंग गश्त की, जो रातभर जारी रही। इस अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने किया। इसका उद्देश्य शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय गुंडों, बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी और धरपकड़ करना था। गश्त के दौरान कुल 1015 बदमाशों की जांच की गई, जिनमें से 492 के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

वाहन चालकों पर कार्रवाई, कई वारंट किए तामील- इस गश्त के दौरान पुलिस ने देर रात सघन वाहन चेकिंग भी की। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 97 लापरवाह चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इसके साथ ही 12 लोगों पर यातायात नियमों का उल्लंघन और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई। पुलिस ने 289 से अधिक मामलों में विभिन्न प्रकार के वारंट भी तामील कराए जिनमें 67 स्थायी, 84 गिरफ्तारी, 138 जमानती और 136 समन शामिल हैं।

अवैध हथियारों पर सख्ती, शराब पीने वालों पर केस- गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 17 लोगों पर केस दर्ज किए गए। वहीं, एरोड्रम पुलिस ने एक आरोपी को देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। एमआईजी थाना क्षेत्र में अवैध हथियार रखने के चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा तिलक नगर पुलिस ने जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया। इस सघन अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 535 से अधिक चिन्हित अपराधियों की विशेष जांच की।

## शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

इंदौर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्देश पर जिले के एकमात्र शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कालेज में एक सप्ताह के इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विजया शिन्दे ने बताया कि 21 से 26 जुलाई 2025 तक यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु नव प्रवेशित छात्राओं को विश्वविद्यालय एवं कॉलेज संबंधी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में छात्राओं को विश्वविद्यालय और कॉलेज में संचालित विभिन्न शैक्षणिक, अशैक्षणिक गतिविधियों, शासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं, भिन्न-भिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, पाठ्यक्रम और परीक्षा संचालन की जानकारी दी गई । छात्राओं को पावर पाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के स्वरूप एवं इसे पूरा करने के बाद कैरियर संवारने के मिलने वाले अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ.क्षमा गंजीवाले द्वारा सामाजिक कौशल विषय पर अपने विचार व्यक्त किये गए। श्रीमती अनुपमा मोदी,डॉ.धर्मेंद्र गुप्ता,श्रीमती मोहिता तलवार, डॉ.अंशुमान रॉय आदी।

# एआई से जल सुरक्षा और टिकाऊ विकास संभव – मंत्री तुलसीराम सिलावट

इंदौर। इंदौर स्थित सोपा ऑडिटोरियम में आज मध्यप्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन इंडियन जियोटेक्निकल सोसायटी, इंदौर चैप्टर द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम Accelerating Madhya Pradesh: AI for Smart Cities and Sustainable Infrastructure विषयक सेमीनार श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जल प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट तकनीकों की भूमिका पर व्यापक मंथन करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री और इंदौर स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यंक सिंह उपस्थित थे।

सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी कानपुर, आईआईटी धारवाड़, आईआईटी इंदौर और आईपीएस अकादमी के विशेषज्ञों ने जल प्रबंधन के नवीनतम तकनीकी पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

अपने संबोधन में मंत्री श्री सिलावट ने कहा, आईजीएस इंदौर चैप्टर द्वारा की जा रही पहल स्मार्ट सिटीज की आधारभूत संरचना और उन्नत जल प्रणाली हेतु एआई के उपयोग में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत सरोवर और केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे सरकार परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीकों के जरिये भविष्य की जल जरूरतों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है क्योंकि यहाँ 207 नदियाँ बहती हैं, जिनमें नर्मदा, ताप्ती, चंबल और क्षिप्रा प्रमुख हैं।

## देश की पहली सुपरफास्ट 1100 किलोमीटर नॉनस्टॉप जर्नी सीताराम डाक कावड़



इंदौर। सिद्ध क्षेत्र अरण्य धाम संत आश्रम पर आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हो गया था शाम को बालाजी महाराज , राम रामेश्वर महादेव की महाआरती के बाद जय बालाजी, जय श्रीराम, मां नर्मदा, मां गंगा और सरयू मां के जय घोष से पूर्वी क्षेत्र गुंजायमान रहा, संत महात्माओं के सानिध्य में सीताराम भक्त मंडल के सैकड़ो श्रद्धालु वाहनों के काफिलों के साथ इंदौर से अयोध्या के लिए रवाना हुए।

देश की पहली अद्भुत अपनी तरह की अनोखी नॉनस्टॉप जननी सीताराम डाक कावड़ के सैकड़ो श्रद्धालु वाहनों के काफिले के साथ इंदौर से रवाना हुए, बड़ी संख्या संत महात्मा भी सहभागी बने,अरण्य धाम संत आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर राम जी बाबा, सीताराम भक्त मंडल के कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि शनिवार शाम को महा आरती के बाद संत महात्माओं के सानिध्य में श्रद्धालुओं को अलग-अलग वाहनों से अयोध्या के लिए रवानी दी गई, 29 जुलाई को अभिजीत मुहूर्त में 100 से ज्यादा संत, महंत, महामंडलेश्वर, महात्माओं की मौजूदगी में नॉनस्टॉप जर्नी सीताराम डाक कावड़ शुरू होगी जो लखनऊ, कानपुर, कालपी, झांसी, शिवपुरी, गुना, शाजापुर, मक्सी, देवास होते हुए मात्र 72 घंटे में 1 अगस्त को इंदौर अरण्य धाम संत आश्रम पहुंचेगी यहां पर राम रामेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड के आरोपी शिलोम की जमानत रद्द करने सोमवार को लगेगी याचिका



इंदौर। अपने पति को हनीमून के दौरान शिलांग ले जाकर मारने वाली सोनम रघुवंशी व अन्य आरोपी शिलांग जेल में बंद हैं। केस की सुनवाई भी शुरू हो गई है और तीन आरोपियों को जमानत हो चुकी है। सबूत छुपाने वाले आरोपी शिलोम जेम्स की जमानत होने पर अब राजा के भाई विपिन कोर्ट में याचिका लगाएंगे। वे बीते चार दिनों से शिलांग में थे और अब इंदौर लौट आए हैं। सोमवार को शिलांग कोर्ट में शिलोम की जमानत रद्द करने की याचिका लगाई जाएगी। इस हत्याकांड के तीन आरोपियों की जमानत होने के बाद विपिन शिलांग गए थे और उन्होंने इस केस में अपना वकील बदल लिया है। विपिन ने कहा कि शिलोम ने राज व सोनम की मदद की और हत्याकांड से जुड़े सबूत भी नष्ट किए। उसकी जमानत नहीं होना चाहिए थी, लेकिन कोर्ट की तरफ से जमानत मंजूर हो गई। उसकी जमानत रद्द करने के लिए हमारा नया वकील सोमवार को कोर्ट में अपील करेगा। इसके लिए दस्तावेज एकत्र किए जा चुके है। विपिन ने पहले इस केस के लिए जिस वकील को हायर किया था। उसे बदलते हुए अब सुजीत देब को इस केस की जिम्मेदारी दी है। विपिन ने कहा कि हमने शिलांग पुलिस से राजा की पीएम रिपोर्ट भी मांगी थी, लेकिन अफसरों ने कहा कि कोर्ट के माध्यम से ही वह प्राप्त हो सकेगी। उसके लिए भी हम कोर्ट में आवेदन लगाएंगे।पार्किंग यार्ड खुलवाकर की पूजा

विपिन सोहरा के पार्किंग यार्ड में भी गए, जहां राजा का शव आरोपियों ने फेंका था। इस मर्डर के बाद सोहरा प्रशासन ने वहां फेंसिंग कर ताला लगा दिया था। विपिन के आग्रह पर ताला खुलवाया गया और वहां उन्होंने विपिन की आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना की।

# मुख्य कार्यपालन आधिकारी जिला पंचायत ने किया विकासखंड सांवेर कि ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने गत दिवस विकासखंड सांवेर के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं व संस्थाओं का निरीक्षण किया । ग्राम पंचायत कदवाली बुजुर्ग स्थित आंगनवाडी केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी आंगनवाडी कार्यकर्ता से ली गयी। इस अवसर पर श्री जैन ने आंगनवाडी में बच्चों को दिए जा रहे पोषण व टेक होम राशन कि जानकारी भी प्राप्त की और बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया ।

ग्राम पंचायत मांगलिया में स्वच्छ भारत मिशन के तहत घरों आदि से निकलने वाले प्लास्टिक व अन्य कचरे के उचित निपटान के लिये जनपद पंचायत सांवेर अंतर्गत आने वाले गाँव मांगलिया, डाबली, सुलाखेड़ी, रामपिपल्या, लसूड़िया परमार,कैलोदहाला को क्लस्टर बना कर इनके प्लास्टिक अपशिष्ट का निपटान केंद्रीयकृत व्यवस्था से किये जाने हेतु मांगलिया में एमआरएफ सेंटर का संचालन एवं अन्य अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है।

एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन द्वारा कचरा संग्रहण व सेग्रिकेशन कार्य का विस्तार से अवलोकन किया गया और उपस्थित क्लस्टर के सरपंचो और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एमआरएफ सेंटर के संचालन में आ रही समस्यों का निराकरण किया और साथ ही निर्देशित किया कि अतिरिक्त शासकीय भूमि चिहिंत करें, जिससे गीले कचरे के निपटान की व्यवस्था सुचारू रूप से कि जा सके । मुख्य कार्यपालन आधिकारी जिला पंचायत श्री जैन ने कहा कि एमआरएफ क्लस्टर के प्रभावी संचालन में पूर्ण सहयोग करें।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# भगवान श्री महाकाल की तृतीय सवारी आज

## भगवान श्री महाकाल श्री शिवतांडव स्वरूप में अपने भक्तों को देंगे दर्शन

उज्जैन । श्री महाकालेश्वर की श्रावण/भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में तृतीय सोमवार 28 जुलाई को भगवान श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी में, हाथी पर श्री मनमहेश के रूप में व गरूड़ रथ पर श्री शिव-तांडव रूप में विराजित होकर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक श्री प्रथम कौशिक ने बताया कि, श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा। उसके पश्चात भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जावेगी।



उसके बाद सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। जहॉ क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जावेगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी का सजीव प्रसारण श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के फेसबुक पेज पर भी किया जा रहा है। साथ ही चलित रथ में एल. ई. डी. के माध्यम से सवारी मार्ग व उज्जैन के अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को सजीव दर्शन की व्यवस्था की गई है।

सवारी के दौरान श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि, कृपया सवारी मार्ग में सडक की ओर व्यापारीगण भट्टी चालू न रखें और न ही तेल का कढाव रखें। दर्शना?र्थी सवारी में उल्टी दिशा में न चलें और सवारी निकलने तक अपने स्थान पर खडे रहें। दर्शनार्थी कृपया गलियों में वाहन न रखें। श्रद्धालु सवारी के दौरान सिक्के , नारियल, केले, फल आदि न फैंकें। सवारी के बीच में प्रसाद और चित्र वितरण न करें। इसके अलावा पालकी के आसपास अनावश्यक संख्या में लोग न रहें।

# राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव में हिंदी भाषा एवं नागरी लिपि संगोष्ठी



उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना केंद्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आगामी 2 और 3 अगस्त को 41वाँ राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव आयोजित होगा। इसके अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का शताब्दी समारोह एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह एवं भारत माता अलंकरण अभिनंदन का आयोजन गांधी भवन श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।

डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि समारोह के प्रथम दिवस 2 अगस्त शनिवार को शुभारंभ राष्ट्रीय नागरी लिपि संगोष्ठी एवं बहुभाषी कवि सम्मेलन एवं द्वितीय दिवस 3 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय संगोष्ठी हिंदी भाषा का विश्व में बढ़ता प्रभाव सफलता एवं संभावना होगी। तत्पश्चात उपस्थित साहित्यकार शिक्षक एवं समाज सेवियों को 2025 का पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के शताब्दी वर्ष एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की त्रि शताब्दी वर्ष में विशिष्ट सम्मान भारत माता अलंकरण अभिनंदन अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना का संचेतना समाचार पत्र विषय संस्कृत शताब्दी का विमोचन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी भोपाल, डॉ करूणा शंकर उपाध्याय मुम्बई, डॉ प्रकाश बरतूनिया पूर्व कुलाधिपति केंद्रीय डॉ अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, ब्रजकिशोर शर्मा पूर्व शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद उज्जैन, डॉ शैलेंद्रकुमार शर्मा विभाग अध्यक्ष हिंदी एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार भार्गव पूर्व संभाग आयुक्त, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोपाल डॉ अनवर शेख प्राचार्य चॉइस कॉलेज पुणे, राजेंद्र गट्टानी भोपाल प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ आदि।

## नाग को दूध मत पिलाओ, सरि सर्प और पर्यावरण बचाओ

उज्जैन। भगतजी सेवा संस्थान एवं विक्रम वाटिका ग्रुप द्वारा नाग पंचमी के शुभ अवसर पर अनूठा आयोजन 29 जुलाई मंगलवार प्रातः 8:00 बजे कोठी रोड पर किया जा रहा है।

आयोजन समिति के संयोजक मंगल बामनिया ने बताया कि सरिसर्प एवं पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से, जन मानस में साँपो की सुरक्षा हेतु साँप को दूध मत पिलाओ कार्यक्रम किया जा रहा है। आयोजन समिति के सहसंयोजक राजेश अग्रवाल, अरुण रोचवानी एवं पंकजप्रताप सिंह ने बताया कि नाग पंचमी की प्रातः काल अनूठे रोचक आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्पर्धा, नाग नागिन संवाद, नाग नागिन नृत्य के आधार पर पुरुष वर्ग में 'सांपों का बादशाह, सांपों का राजकुमार, नागों का सरताज ..आस्तीन का डेन्डु,...महिला वर्ग में मिस सर्पिणी आदि।

## प्रारब्ध से अधिक पुरुषार्थ प्रबल है - डॉ सक्सेना

उज्जैन। परमपिता परमात्मा प्रेम से परिपूर्ण है इसलिए हम सभी को स्नेह और प्रेम से अभिसिंचित करे, निर्मल मन वाला व्यक्ति ही परमात्मा के समीप जा सकता है।

उक्त विचार वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए पंडित राजेंद्र व्यास ने अपने जन्मोत्सव पर व्यक्त किये। डॉ आनंद मोहन सक्सेना ने कहा की प्रारब्ध और भाग्य से अधिक प्रबल पुरुषार्थ है प्रारब्ध हमारा भूतकाल है जबकि पुरुषार्थ हमारा भविष्य निर्धारित करता है। जब हम निष्काम भाव से किसी कार्य को करते हैं तो ईश्वर उसमें सफलता अवश्य देता है। प्रारंभ में यज्ञ के ब्रह्मा पंडित राजेंद्र व्यास द्वारा वेदमत्रों से देव यज्ञ संपन्न करवाया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर व्यासजी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ईश प्रार्थना मदनलाल कुमावत ने एवं वैदिक भजन श्रीमती संपत पाटीदार ने प्रस्तुत किये। महर्षि दयानंद चरित्र की व्याख्या पूर्व प्रधान राजेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर शरद नागर का स्वागत गायत्री मंत्र के उपवास्त्र से करके सत्यार्थ प्रकाश भेंट दी गई। प्रधान ललित नागर ने गुजरात में आयोजित क्रियात्मक योग ध्यान शिविर एवं आगामी मित्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। संचालन युवा सदस्य इंजी. स्वप्निल व्यास ने किया। वैदिक जयघोष संत रामप्रसाद मालाकार ने किया एवं आभार कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश आर्य ने व्यक्त किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंबाराम वर्मा, विष्णु प्रसाद शर्मा, नंदकिशोर टांडी, रमेश पाटीदार, पूर्व प्रधान सुरेश पाटीदार, अयोध्या पाटीदार उपस्थित रहे।

# हिंदू संगठनों ने फिर घेरा आईजी कार्यालय, कार्रवाई की उठाई मांग

उज्जैन। उज्जैन निवासी एक नाबालिग बालक, जो अपनी मां रानी बेग के साथ रहता है, उसके कथित जबरन खतना मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। आरोप है कि थाना प्रभारी रानी बेग ने अपने पहले पति से जन्मे इस बच्चे का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया, ताकि वह अपने दूसरे पति तारीक हुसैन के साथ आराम से रह सके।




हिंदूवादी संगठनों और वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को इसी मुद्दे पर एक बार फिर उज्जैन आईजी कार्यालय पर प्रदर्शन कर न्यायदेव शनि महाराज की तस्वीर के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदसौर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में रानी बेग, उसके दूसरे पति तारीक हुसैन और देवास के एक मुस्लिम धर्मगुरु ने मिलकर उज्जैन निवासी इस नाबालिग बालक प्रिंस झांझोट का कथित तौर पर जबरन खतना कराया। बालक वर्तमान में अपनी मां रानी बेग के साथ उज्जैन में ही रह रहा है।

हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने बताया कि एक वर्ष से अधिक समय से आईजी कार्यालय, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, डीजीपी, मुख्य सचिव, मंदसौर एसपी और देवास पुलिस को साक्ष्यों सहित कई ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक न तो रानी बेग, न तारीक हुसैन और न ही धर्मगुरु पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है।

आरोप यह भी है कि बालक का नाम वैदिक सनातन धर्म से बदलकर प्रिंस मलिक कर दिया गया वही अपने कश्मीरी पति तारिक हुसैन को मध्यप्रदेश का स्थाई निवासी बनाने के लिए बिजली बिल में भी हेरा फेरी कर आधार कार्ड बनवाया और समग्र आईडी में भी अवैध बदलाव किया गया। संगठन ने इसे मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का उल्लंघन बताया है। इसके अलावा आरोप है कि रानी बेग ने संपत्ति हड़पने की नीयत से नाबालिग के पिता राजकुमार झांझोट पर झूठे प्रकरण दर्ज करवाए।

पूर्व में भी इसी मामले को लेकर चार बार आईजी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया और 16 हिंदूवादी संगठनों ने विशाल धरना देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी के चलते शुक्रवार को संगठनों ने फिर आईजी कार्यालय पहुंचकर न्यायदेव शनि महाराज की तस्वीर के समक्ष न्याय की गुहार लगाई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी ले जाया जाएगा।

ज्ञापन सौंपते समय आदर्श वाल्मीकि महापंचायत अध्यक्ष राकेजी गिरजे, चंदर पहलवान टाक, कमल फतरोड, राज कल्याणे, संदीप पारोचे, गुरुचरण कलोसिया, योगेश डागर, मध्य प्रदेश युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के प्रदेश अध्यक्ष मुरली निगम, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, विशाल नागर हरि चरण मेवाड़ा, किशोर पोरवाल आदि।

# लायंस क्लब उज्जैन कपल का संस्थापन समारोह एवं चार्टर नाईट संपन्न



उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन कपल का संस्थापन समारोह एवं चार्टर नाईट संपन्न हुई। भाजपा नगर ज़िला अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में पीडीजी एमजेएफ ला आरजी पाठक ने वंदना सुनील अग्रवाल को अध्यक्ष, ला रेखा पलकेश अग्रवाल सचिव, ला बबीता एस अग्रवाल कोषाध्यक्ष, ला कृतिका हींगें को प्रथम उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर क्लब के सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवृतमान अध्यक्ष निशा हरभजनका ने की। कार्यक्रम में अतिथि ला भगवानदास एरन, पीडीजी ला डॉ अजय गुप्ता, जोन चेयरपर्सन ला डॉ राजेंद्र बंसल, ला संजय मित्तल डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एलसीआईएफ, ला अनिल गोयल (कप्तान), ला पंकज व रूपाली अग्रवाल, ला संजय सक्सेना, ला शैलेश सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल ने क्लब की गतिविधियों की सराहना की व भरोसा दिलाया कि वे क्लब या अन्य किसी भी कार्य के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। क्लब के चार्टर अध्यक्ष ला संतोष अग्रवाल ने क्लब के गठन (2017) से लेकर आज तक की सभी गतिविधियों की जानकारी दी। नवनियुक्त अध्यक्ष ने आगामी वर्ष में क्लब द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल प्रेसिडेंट का ए पी सिंह के मिशन 1.5 मिलियन एवं एलसीआईएफ डोनेशन में सहयोग करने का वादा किया। साथ ही जो भी सेवा गतिविधि करेंगे, उसका उद्देश फोटो खिंचवाना न होकर उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यही प्रयास करेंगे। चार्टर का वाचन ला पूजा शर्मा ने किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com